स्थानान्तरण सम्बन्धी निर्देश

महत्वपूर्ण/व्यक्तिगत ध्यानाकर्षण

पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उत्तर प्रदेश

8 वॉ तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 e- mail : tshq@nic.in

पत्र सं0-टीएससी-स-09/2024 दिनांक-अक्टूबर 22,2024

सेवा में,

समस्त पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

जैसा कि आप अवगत होंगे कि **ग्रीष्मकालीन स्थानान्तरण सत्र-2024** के अंतर्गत इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक-09.04.2024 एवं अनुस्मारक पत्र दिनांक-23.04.2024, 08.05.2024, 14.05.2024, 28.05.2024, 04.06.2024 द्वारा **समस्त कमिश्नरेट/जनपद/इकाईयों** से **अनुकम्पा/समयावधि/जनहित एवं प्रशासनिक/गृह जनपद अथवा सीमावर्ती जनपदों में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए कार्मिकों के स्थानान्तरण** हेतु **प्रारूपानुसार सूचना/प्रस्ताव** इस मुख्यालय को **उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा** की गई थी।

2- इस अवधि में प्राप्त प्रस्तावों में अंकित **सूचनाओं/अभिलेखों का** इस मुख्यालय स्तर पर **गहन परीक्षण** किया गया तथा उनमें **कतिपय कमियाँ प्रकाश** में आने के क्रम में इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र **दिनांक-09.05.2024, 24.05.2024, 28.05.2024** द्वारा सम्बन्धित कमिश्नरेट/जनपद से **संशोधित/अपेक्षित** सूचना इस **मुख्यालय को उपलब्ध** कराए जाने की **अपेक्षा** की गई थी।

3- चूँकि उपर्युक्त ग्रीष्मकालीन स्थानान्तरण प्रक्रिया-2024 **02 माह से अधिक समय तक प्रचलित थी।** इस अवधि में प्राप्त प्रस्तावों पर **स्थानान्तरण समिति द्वारा निर्णय** लिया जा चुका है। इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक-22.06.2024 द्वारा स्थानान्तरण हेतु **उपयुक्त पाए गए** कार्मिकों के सम्बन्ध में **स्थानान्तरण आदेश** तथा **अनुपयुक्त पाए गए** कार्मिकों के सम्बन्ध में **समिति द्वारा लिए गए निर्णय** से अवगत कराने हेतु **विस्तृत निर्देश निर्गत पत्र** किया गया था।

4- उक्त निर्देशों के पश्चात् भी कतिपय कमिश्नरेट/परिक्षेत्र/जनपद/इकाई प्रभारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए कार्मिकों द्वारा अनुकम्पा के आधार पर स्थानान्तरण हेतु **माह-जुलाई, 2024 में 19, माह-अगस्त, 2024 में 16, माह-सितम्बर, 2024 में 11 एवं माह-अक्टूबर, 2024 (21.10.2024 तक) में 05 प्रकरण** इस मुख्यालय को **अग्रसारित/प्रेषित** किए गए हैं।

5– ज्ञातव्य है कि **वर्तमान में** कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए से **कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के पद** पर **पदोन्नति हेतु** अंतिम चरण की **कार्यवाही** उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ में **प्रचलित** है, जिसकी **निकट भविष्य में पूर्ण** होने की **प्रबल सम्भावना** है। ऐसी स्थिति में **पदोन्नति प्राप्त कार्मिकों** के **स्थानान्तरण प्रकरणों** पर भी स्थानान्तरण समिति द्वारा **नियमानुसार विचार** किया जाएगा।

अतः कृपया उपर्युक्त बिन्दुओं में वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत **कमिश्नरेट/जोन/परिक्षेत्र/जनपद एवं इकाई स्तर पर** यह **सुनिश्चित** कर लिया जाए कि आपके **अधीनस्थ कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए** कार्मिकों का अनुकम्पा के आधार पर **स्थानान्तरण प्रकरणों** को **आगामी ग्रीष्मकालीन स्थानान्तरण सत्र–2025 में ही अग्रसारित** किए जाएँ। इसके अतिरिक्त **इन कार्मिकों को** यह भी **अवगत** करा दें कि **स्थानान्तरण हेतु अपने प्रकरण** तथा उससे सम्बन्धित **सुसंगत अभिलेखों** को संलग्न करते हुए **विभागीय स्थानान्तरण नीति/उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत स्थानान्तरण नीति** एवं **सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956 के नियम–27(क)** में **निहित निर्देशों** के अनुरूप **उचित माध्यम** से ही **प्रेषित** करें। तत्समय तक **जनहित/प्रशासनिक आधार पर** प्राप्त होने वाले **स्थानान्तरण प्रकरणों** पर ही स्थानान्तरण समिति द्वारा **नियमानुसार विचार** किया जाएगा। **कृपया प्रकरण में प्राथमिकता अपेक्षित है।**

(नवीन अरोरा)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।
2. पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष जाँच मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
4. अपर पुलिस महानिदेशक, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद/ पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद/पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद/सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सीतापुर/शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, उन्नाव/ पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, सुलतानपुर।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उ0प्र0।
6. पुलिस महानिरीक्षक, आतंकवाद निरोधक दस्ता, उ0प्र0, लखनऊ।
7. पुलिस महानिरीक्षक, सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, चुनार, मीरजापुर।
8. पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उ0प्र0।
9. पुलिस उप महानिरीक्षक, कोतवाल धनसिंह गुर्जर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मेरठ/पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, गोरखपुर।